हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला ईमेल: newsicon2021@gmail.com मूल्य: रु. - 2/-

वर्ष: 1 अंक: 38 पृष्ठ: 8 शुक्रवार 28 जनवरी से 03 फरवरी 2022

# बांद्रा में पांच मंजिला इमारत ढही

मुंबई। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के इस्ट बांद्रा में एक पांच मंजिला इमारत गिरने की खबर सामने आई है. वहीं दमकल की पांच गाड़ियां और 6 एबुलेंस मौके पर पहुंच चुकी है. बीएमसी ने इसकी जानकारी दी. हादसे में घायल 7 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है. जिसमें से दो लोगों को अस्पताल ले जाया गया. इससे एक दिन पहले यानी मंगलवार को भी मुंबई के ही मलाड इलाके में एक तीन मंजिला इमारत गिरने का मामला सामने आया था. हालंकि इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं थी. इससे पहले हाल ही में दक्षिण मुंबई में एक 20 मंजिला आवासीय इमारत में भीषण आग लगने की घटना भी सामने आई थी, जिसके बाद अब इमरात गिरने का मामला सामने आया है.

बीएमसी ने बताया कि बांद्रा (पूर्वी) के बेहराम नगर इलाके में यह हादसा हुआ. यहां एक पांच मंजिला इमारत गिरने से हड़कंप मच गया. राहत और बचाव के लिए



मौके पर दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंच चुकी है. वहीं क बचाव वैन और छह एंबुलेंस भी मौके पर भेजी गई है. हाल ही में दक्षिण मुंबई में एक

## कई लोगों के फंसे होने की आशंका; दमकल की 5 गाड़ियां और 6 एंबुलेंस मौके पर

20 मंजिला आवासीय इमारत में भीषण आग गई थी. इस मामले से अधिकारियों ने कहा कि इस आग में 6 लोगों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए थे






# देवेंद्र फडणवीस का सीएम उद्धव ठाकरे को करारा जवाब

**मुंबईः** महाराष्ट्र में शिवसेना और बीजेपी एक बार फिर से आमने-सामने आ गई है. हिंदुत्व के मुद्दे में दोनों पार्टियों के बड़े नेता एक दूसरे पर सवाल खड़े कर रहे है. जहां एक तरफ शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के सीए उद्धव ठाकरे ा कहा की हिंदुत्व का मतलब सिर्फ बीजेपी नहीं तो दूसरी तरफ बीजेपी नेता देवेन्द्र फडणवीस कह डाला की शिवसेना के पैदा होने से पहले बीजेपी हिंदुवादी है.. शिवसेना के संस्थापक बाला साहब ठाकरे की जयंती पर 23 जनवरी को महाराष्ट्र के सीएम और शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने शिवसैनिकों से वीडियो कॉफ्रेंसिंग के दौरान कहा था की शिवसेना ने बीजेपी के साथ 25 सालों तक गठबंधन में रहकर अपने समय को सिर्फ बर्बाद किया



है. अब समय आ गया है की सारे शिवसैनिक एक साथ और मजबूती से चुनाव लड़ कर दिल्ली में सरकार बनाए.अपने संबोधन में उन्होंने शिवसैनिकों से यह भी कहा कि भविष्य में दिल्ली में भी बालासाहेब ठाकरे की प्रतिमा लगेगी और नजदीकी भविष्य में दिल्ली में भी हमारी सरकार बनेगी. उन्होंने कहा कि हम महाराष्ट्र के बाहर भी चुनाव लड़ेंगे और दिल्ली में शिवसेना की सत्ता काबिज होगी. तब जाकर बालासाहेब के सपने पूरे होंगे.वर्चुअल रैली में उन्होंने रविवार को कहा कि हम 25 साल तक बीजेपी के साथ सड़ते रहे, मैंने कभी हिंदुत्व को नहीं छोड़ा और न ही छोडूंगा. बीजेपी को छोड़ा इसका मतलब यह नहीं है कि हिंदुत्व को छोड़ दिया. सीएम ने कहा कि बीजेपी का मतलब हिंदुत्व नही, अगर बीजेपी में हिम्मत है तो राजनीतिक तरीके से लड़े. ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल करके नही. देवेंद्र फडणवीस का सीएम उद्धव ठाकरे को करारा जवाब, बोले- जब शिवसेना पैदा नहीं हुई थी तब से... उद्धव ठाकरे ने कहा कि बीजेपी हिंदुत्व का इस्तेमाल अपने स्वार्थ के लिए कर रही है. बीजेपी के लिए हिंदुत्व का मतलब सत्ता है और वह सत्ता पाने के लिए कुछ भी कर सकती है. अपनी सुविधा के हिसाब से हिंदुत्व की परिभाषा को बदलना हिंदुत्व नही है. सीएम उद्धव ठाकरे के हिंदुत्व वाले बयान पर बीजेपी के बड़े नेता देवेन्द्र फडणवीस ने भी शिवसेना का करारा जवाब दिया है.

## मुंबई एयरपोर्ट से लाखों अमेरिकी डॉलर बरामद, यात्री गिरफ्तार



मुंबई। सीआईएसएफ ने मुंबई हवाई अड्डे से ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसी के एक कर्मचारी और दुबई जाने वाली उड़ान के एक यात्री को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। सीआईएसएफ के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों को 45 लाख रुपये कीमत के अमेरिकी डॉलर बरामद होने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। एविएक्सपर्ट ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसी के रितेश पारकर को सुरक्षा कर्मियों ने पहले टर्मिनल-2 पर पकड़ा और उसके कब्जे से ह्यह्य45 लाख रुपये कीमत का 60,000 अमेरिकी डॉलर बरामद किया था। अधिकारी ने बताया कि कर्मचारी के पास हवाई अड्डे में प्रवेश का पास था और उसकी तलाशी में उसके कपड़े और मोजे से डॉलर बरामद हुआ।

## मुंबई के अंधेरी इलाके में गैस लीक होने से लगी आग, 3 घायल




**मुंबईः** मुंबई के अंधेरी ईस्ट इलाके में बुधवार शाम गैस सिलिंडर में लीकेज के कारण आग लग गई। इस हादसे में तीन लोग जख्मी हो गए। इनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह जानकारी बृहनमुंबई नगर निगम की तरफ से दी गई है।

# फर्जी पुलिस वाले फिर लूट लिए महिला से गहने

**भिवंडी।** शहर तथा ग्रामीण परिसर में इन दिनों फर्जी पुलिस वालों ने आतंक मचा के रखा हुआ है। कालोनियों तथा हाईवे पर नागरिकों व महिलाओं को रोक कर उन्हें चोरों का भय दिखाते हुए अपने आप को पुलिस बताकर, पुलिस का आई कार्ड दिखाते हुए उनसे जेवर की ठगी कर रहे है। लगभग दस दिन के भीतर भिवंडी के अलग अलग क्षेत्रों में इस प्रकार की तीन घटनाएं घटित हो चुकी है। गत दिनों मानकोनी पुलिस चौकी के पीछे अंजूर गांव निवासी बुर्जुग व्यक्ति तथा मुंबई-नासिक हाइवे पर एक दंपति इनके ठगी के शिकार हो चुके है। ऐसे दो नकली पुलिस ने मौर्या रेसीडेंसी, पूर्णा गांव निवासी सुवासिनी सुरेश गुरव (50) को कल शुक्रवार दोपहर 12 बजे के दरमियान एक लाख सत्ताहर हजार रुपये कीमत के जेवर ठगी करने की घटना को पुनः अंजाम दिया है। महिला ने इसकी शिकायत नारपोली पुलिस थाना में दर्ज कारवाई है। पुलिस के अनुसार पुर्णा गांव स्थित मौर्या रेसीडेंसी, ए विंग, रुम नंबर 102 की रहने वाली महिला सुवासिनी सुरेश गुरव (50) कल शुक्रवार दोपहर 12 बजे के दरमियान घर काम से बाहर जा रही थी। इसी दरमियान गेट के बाहर खड़े दो अनजान लोग उन्हें रोक कर कहा कि हम लोग पुलिस वाले है और पुलिस का आई कार्ड भी दिखाया और कहा की माई तुम सोने के जेवर पहन कर घूम रही है सब जेवर निकालों। इन जेवर को रजिस्टर में एंट्री करके फिर वापस देता हूं। इस प्रकार बोलते हुए उन्हें विश्वास में लेकर उनसे सोने की चूड़ियाँ निकलवा ली और हाथ की सफाई से कागज में कांच की चूड़ियाँ लपेट कर उन्हें वापस दे दी।

# मुंबई में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई के खिलाफ एफआइआर दर्ज



**मुंबईः** महाराष्ट्र की एक अदालत के निर्देश पर मुंबई पुलिस ने बुधवार को कापीराइट अधिनियम के उल्लंघन के लिए गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और उनकी कंपनी के पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। फिल्म निर्देशक सुनील दर्शन ने अपनी शिकायत में कहा कि गूगल ने अनधिकृत व्यक्तियों को उनकी फिल्म ह्यएक हसीना थी एक दीवाना थाह्न को यूट्यूब पर अपलोड करने की अनुमति दी थी।वहीं, इस संबंध में एफआइआर दर्ज होने के बाद पुलिस इस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है। गौरतलब है कि साल 2014 के अगस्त में सुंदर पिचाई गूगल के हेड बने थे। इसके बाद साल 2019 में सुंदर पिचाई को गूगल के साथ ही एल्फाबेट का सीईओ बना दिया गया। उन्होंने आइआइटी खड़गपुर से पढ़ाई की है। एल्फाबेट और गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने चेतावनी दी थी कि दुनियाभर में स्वतंत्र व मुक्त इंटरनेट पर हमले हो रहे हैं और कई देश सूचनाओं के प्रवाह को बाधित कर रहे हैं।एक साक्षात्कार में पिचाई ने सीधे चीन का नाम लिए बगैर कहा कि कई देश सूचनाओं के प्रवाह को बाधित कर रहे हैं और माडल को हल्के में लिया जाता है। उन्होंने कहा था कोई भी हमारा प्रमुख उत्पाद या सेवाएं चीन में उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने साफ किया कि इंटरनेट के भविष्य का निर्धारण करने की जिम्मेदारी किसी व्यक्ति की नहीं बल्कि सामूहिक थिंक टैंक पर होनी चाहिए जो स्वतंत्र इंटरनेट के बुनियादी स्तंभों को ध्यान में रखते हुए भविष्य निर्धारित करे। पिचाई ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआइ) आग, बिजली या इंटरनेट से ज्यादा गहन है। उन्होंने कहा कि मैं इसे सबसे गहन तकनीक के रूप में देखता हूं जिसे मानवता कभी विकसित करेगी और जिस पर काम करेगी। उनकी जड़ों के बारे में पूछे जाने पर 49 वर्षीय पिचाई ने कहा कि मैं अमेरिकी नागरिक हूं, लेकिन भारत मुझमें गहरे तक है।


## मुंबई में सात करोड़ के नकली नोट जब्त

### एक हजार करोड़ के फर्जी बिल जारी करने पर एकाउंटेंट गिरफ्तार



**मुंबईः** मुंबई पुलिस ने नकली नोटों की छपाई और वितरण में शामिल अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ कर सात लोगों को गिरफ्तार किया। इनसे सात करोड़ रुपये के नकली भारतीय नोट जब्त किए। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि एक विशेष सूचना पर कार्रवाई करते हुए मुंबई अपराध शाखा की यूनिट-11 ने मंगलवार शाम उपनगरीय इलाके में दहिसर चेक पोस्ट पर एक कार को रोका। पुलिस ने कार में बैठे चार लोगों को पकड़ लिया और उनसे पूछताछ की। कार की तलाशी के दौरान, अपराध शाखा के अधिकारियों को एक बैग मिला, जिसमें 250 बंडल नकली नोट (2,000 रुपये मूल्यवर्ग में) थे, जिनकी कीमत 5 करोड़ रुपये थी। उन्होंने कहा कि चार कार सवारों से पूछताछ के दौरान पुलिस को उनके तीन और सहयोगियों के बारे में जानकारी मिली। एक पुलिस दल ने उपनगरीय अंधेरी (पश्चिम) में एक होटल में छापा मारा और तीनों को गिरफ्तार कर लिया। नकली मुद्रा नोटों के 100 और बंडल (फिर से 2,000 रुपये मूल्यवर्ग में) दो करोड़ रुपये के अंकित मूल्य के साथ जोड़ा गया। उनसे बरामद किया।

## महाराष्ट्र में कोरोना के 35756 नए मामले और 79 लोगों की मौत



**मुंबईः** महाराष्ट्र में बुधवार को कोरोना के 35756 नए मामले दर्ज किए और 79 लोगों की मौत हो गई। इस बीच, मुंबई में कोरोना के 1858 नए मामले सामने आए और 13 मौतें हुईं। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने बुलेटिन में कहा कि राज्य में कोरोना वायरस के ओमिक्रोन का कोई नया मामला सामने नहीं आया है। राज्य में कोविड केस बढ़कर 76,05,181 हो गया, जबकि मरने वालों की संख्या 1,42,316 तक पहुंच गई है। मंगलवार को राज्य में कोरोना के 33914 नए मामले सामने आए थे और संक्रमण से 86 मौतों की मौत हुई थी। अब तक राज्य में ओमिक्रोन से कुल 2,858 मरीज संक्रमित पाए गए हैं, जिनमें से 1,534 ठीक हो चुके हैं। बुलेटिन में कहा गया कि स्वास्थ्य विभाग ने जीनोम अनुक्रमण के लिए 6,328 स्वाब नमूने भेजे थे, जिनमें से केवल 92 के परिणाम प्रतीक्षित हैं।

## मुंबई में टीपू सुल्तान के नाम पर बने स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के विरोध में दी गिरफ्तारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), विश्व हिंदू परिषद विहिप व बजरंग दल ने मालवणी में टीपू सुल्तान के नाम पर बने स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के उद्घाटन से पहले जमकर विरोध-प्रदर्शन किया और गिरफ्तारी दी। यह स्पोर्ट्स कांप्लेक्स महाविकास अघाड़ी सरकार में मंत्री व कांग्रेस विधायक असलम शेख ने अपनी विधायक निधि से बनवाया है। स्पोर्ट्स कांप्लेक्स को सदर वीर टीपू सुल्तान क्रीडा संकुल नाम दिए जाने को लेकर भाजपा व हिंदू संगठन कल से ही विरोध जता रहे थे।



संपादक

संपादकः मुर्तुजा मामाजीवाला

## कर सुधार को गति देने का समय

*कोविड-19 से पिछले दो वर्षों में छोटे आयकरदाताओं और मध्यम वर्ग की आर्थिक चुनौतियां खासा बढ़ गई हैं। ऐसे में, कर संग्रह में उछाल के बीच 1 फरवरी को जब केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वर्ष 2022-23 का बजट पेश करेंगी, तो व्यक्तिगत आयकर के मोर्चे पर वह बड़ी छूट का एलान कर सकती हैं। उम्मीद की जा रही है कि वित्त मंत्री छोटे आयकरदाताओं और मध्यम वर्ग को राहत देते हुए इनकी क्रयशक्ति बढ़ाकर मांग में वृद्धि करने की रणनीति अपना सकती हैं।*

*इसमें दो मत नहीं है कि पिछले दो वर्षों में कोरोना संकट के कारण एक तरफ जहां बड़ी संख्या में लोगों के रोजगार गए, उनके वेतन-पारिश्रमिक में कटौती हुई और ह्यवर्क फ्रॉम होमह्ण की वजह से टैक्स में छूट के कुछ माध्यम कम हो गए, तो वहीं दूसरी तरफ डिजिटल तकनीक, ब्रॉडबैंड, बिजली के बिल जैसे खर्चों में बढ़ोतरी से बड़ी संख्या में छोटे करदाताओं की आमदनी घट गई। इन दिनों महंगाई भी बढ़ गई है। दिसंबर 2021 में थोक महंगाई दर गिरकर 13.56 फीसदी पर रही, जबकि उसी महीने में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 5.59 फीसदी पर पहुंच गई। पेट्रोल और डीजल की कीमतें भी ऊंची हैं। चूंकि कोरोना के कारण पैदा हुए आर्थिक हालात से लड़ने और छोटे करदाताओं व मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ाने के लिए पिछले वर्ष के बजट में कोई बड़ी राहत नहीं दी गई थी, इसलिए इस बार उम्मीद है कि सरकार टैक्स का बोझ कम करने के लिए अभूतपूर्व प्रोत्साहन दे सकती है।छोटे करदाताओं व मध्यम वर्ग की मुश्किलों के बीच आयकर के पुराने स्लैब के पुनः निर्धारण की आवश्यकता खूब महसूस की जा रही है। आयकरदाताओं को राहत देते हुए सरकार को टैक्स छूट की सीमा दोगुनी कर पांच लाख रुपये कर देनी चाहिए। नए बजट में वित्त मंत्री को नौकरी-पेशा वर्ग के लोगों के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन की सीमा 75 हजार रुपये तक बढ़ानी चाहिए। इसी तरह, मौजूदा समय में धारा 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये की छूट मिलती है, जिसमें ईपीएफ, पीपीएफ, एनएससी, जीवन बीमा, बच्चों की ट्यूशन फीस और आवास ऋण का मूलधन भुगतान भी शामिल है। मकानों की बढ़ती हुई कीमत को देखते हुए धारा 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये की छूट पर्याप्त नहीं है। इस छूट की सीमा तीन लाख रुपये तक की जानी चाहिए। इससे बचत को लेकर लोग ज्यादा उत्सुक होंगे.*

# नए भारत का उदय, राजनीति की धारा को सही दिशा में मोड़ना हमारा अपना कर्तव्य



एक गणतंत्र के रूप में भारत ने बहुत कुछ अर्जित किया है और समय के साथ संसार में उसकी प्रतिष्ठा भी बढ़ी है, लेकिन इस यथार्थ को भी स्वीकार करना होगा कि इसके साथ ही चुनौतियां भी बढ़ी हैं। चुनौतियां बाहरी भी हैं और आंतरिक भी। हम आंतरिक चुनौतियों पर जितनी जल्दी पार पाएंगे, बाहरी चुनौतियों को परास्त करने में उतनी ही आसानी होगी। चुनौतियों पर विजय पाने का सबसे सरल उपाय यही है कि राष्ट्रीय एकता का भाव लगातार सुदृढ़ होता रहे और इस भावना को बल मिले कि तमाम असहमतियों के बाद भी हम सबका साझा लक्ष्य है देश को वास्तव में एक महाशक्ति के रूप में स्थापित करनाइस साझा लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यह आवश्यक है कि देश की राजनीतिक संस्कृति विवेकशील बने और वह दायित्व बोध से भी लैस हो। निःसंदेह समय के साथ देश में राजनीतिक चेतना का विस्तार हुआ है और इसके चलते वंचित वर्गों की राजनीति में हिस्सेदारी भी बढ़ी है, लेकिन यह भी एक कटु सत्य है कि हमारी राजनीति में वैचारिक खोखलापन बढ़ने के साथ अल्पकालिक स्वार्थों के लिए देशहित की अनदेखी की प्रवृत्ति भी बढ़ी है। इस प्रवृत्ति को थामना ही होगाकायदे से तो यह होना चाहिए कि राजनीतिक दल समाज और देश को दिशा देने का काम करें, लेकिन राजनीति की बेढब चाल को देखते हुए अब यह अनिवार्य हो गया है कि यह दायित्व जनता स्वयं अपने ऊपर ले। उसे उन राजनीतिक तौर-तरीकों के खिलाफ खड़ा होना ही होगा, जो न केवल सुशासन में बाधक हैं, बल्कि जिनके चलते हमारे लोकतंत्र में तमाम खामियां घर कर गई हैं। इन दिनों पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के चलते ये खामियां सतह पर भी दिख रही हैं। न केवल दलबदल का दौर जारी है, बल्कि बड़ी संख्या में आपराधिक अतीत वाले लोग चुनाव मैदान में उतर रहे हैं। इसके अलावा राजनीतिक दल लोगों को लुभाने के लिए अनाप-शनाप वादे करने में लगे हुए हैं। विडंबना यह है कि चुनाव आयोग गैर जिम्मेदारी का परिचय दे रहे दलों के समक्ष असहाय सा दिख रहा है। ऐसे समय लोगों को अपने राष्ट्रीय दायित्वों के प्रति और अधिक सजग होना होगा। यह ठीक है कि सुप्रीम कोर्ट राजनीतिक दलों की मनमानी का संज्ञान ले रहा है, लेकिन बात तो तब बनेगी, जब वह उन पर प्रहार करेगा।

# यू पी टी ई टी की परीक्षा आज : कुल 61230परीक्षार्थी

**गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा की आज होने वाली तैयारी मुकम्मल हो गई है। जिले के 70 केंद्रों पर दो पालियों में होने वाली परीक्षा में कुल 61230 अभ्यर्थी शामिल होंगे। डीआईओएस ने बताया कि नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए प्रत्येक केंद्र पर एक एक स्टैटिक मैजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट और पर्यवेक्षक की तैनाती की गई है। परीक्षा के दौरान केंद्र के आस पास के साइबर कैफे, फोटो स्टेट की दुकानें बंद रहेंगी।

उन्होंने बताया कि हर केंद्र पर एक कोरोना रूम बनाया गया है और हर केंद्र पर सैनिटाइजर, थर्मल



स्कैनर, मास्क की व्यवस्था की गई है। यूपी टीईटी परीक्षा के कारण शहर की यातायात व्यवस्था में भी परिवर्तन किया गया है।

# मरने वाला दिलशाद ही है न



**गोरखपुर :** नाबालिग बेटी के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपित दिलशाद हुसैन की हत्या में आरोपित पूर्व सैनिक भागवत निषाद को रिमांड मैजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। भागवत निषाद के चेहरे पर घटना को लेकर कोई शिकन नहीं थी।रात में पूछ ताछ करने पहुंचे अधिकारियों से वह पूछ रहा था कि मरने वाला दिलशाद हुसैन ही है न .. कोई दूसरा तो नहीं। खबर की पुष्टि होने के बाद लॉकअप में चैन की नींद सोया। कैंट पुलिस ने असलहे के साथ पकड़े गए आरोपित के खिलाफ हत्या और आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है।

# अखिलेश यादव के गढ़ में बगावत रामगोपाल के करीबी ने छोड़ी सपा

## BSP सुप्रीमो मायावती ने दिया टिकट




**इटावा.** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान दल-बदल की सियासत जारी है. इस बीच समाजवादी पार्टी के गढ़ में पार्टी में बगावत शुरू हो गई हैं. सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी और प्रो. रामगोपाल यादव के करीबी माने जाने वाले कुलदीप गुप्ता ने साइकिल की सवारी छोड़कर हाथी का दामन थाम लिया है. यही नहीं, वह बसपा से टिकट लेकर इटावा की सदर सीट से मैदान में उतर गए हैंबता दें कि समाजवादी पार्टी के इटावा की सदर सीट से प्रबल दावेदारों में से किसी को टिकट न मिलने पर मायूसी छा गई है. सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने चारों दावेदारों को साइड लाइन कर तीन दफा सांसद रहे राम सिंह शाक्य के बेटे सर्वेश शाक्य को टिकट देकर इटावा की राजनीति में गर्मी बढ़ा दी है. इसके बाद सभी दावेदार अब अलग अलग दलों में जाकर चुनाव लड़ने और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को हराने की जुगत में लग गए हैं.

# मायावती ने दिया हर बूथ जीतने का मंत्र



**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के साथ ही उत्तराखंड और पंजाब में चुनाव लड़ रही बसपा को विश्वास है कि पंजाब में शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबन्धन तो उत्तराखंड में अकेले अपने दम पर बसपा जीत हासिल करेगी वहीं उत्तर प्रदेश को लेकर पार्टी प्रमुख मायावती ने कहा कि बसपा यहां 2007 का परिणाम दोहराते हुए पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। इसके लिए उन्होंने कार्यकताओं को नारा दिया है ह्लहर पोलिंग बूथ को जितानाहै, बसपा को सत्ता में लाना हैह्व। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव महामारी के दौरान हो रहे हैं। कार्यकर्ता चुनाव आयोग द्वारा जारी नियमों का पालन करते हुए अपनी पार्टी को जिताने के लिए कमर कस लें। यूपी में ह्लसर्वजन हिताय सर्वजन सुखायह्व की सरकार बनाना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए तभी बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर और मान्यवर कांशीराम का सपना सच होगा।

## कविता



# कहै कबीर दीवाना-ओशो

कि क्षण भर को मृत्यु के ऊपर अतिक्रमण कर जाते हैं। क्षण भर को, चारों तरफ घिरी मृत्यु के बीच भी वे कमल की तरह ऊपर उठ आते हैं। क्षण भर को जीवन का उदघोष होता है।

प्लास्टिक के फूल में यह उदघोष कभी भी नहीं होता। वस्तुओं से प्रेम, प्लास्टिक, के फूलों से प्रेम है। जिसको असली फूल मिल गए, वह प्लास्टिक के फूलों को फेंक आता है कचरे में। उसे वस्तुओं को छोड़ना नहीं पड़ता, व्यक्तियों का प्रेम मिल जाए, वस्तुएं छूटना शुरू हो जाती हैं। वस्तुओं का प्रेम तो व्यक्तियों के प्रेम का सब्स्टीस्यूट था परीपूरक था। व्यक्तियों को प्रेम करनेवाला व्यक्ति कृपण नहीं रह जाता। उसके जीवन में ऊब नहीं होती, पुलक होती है। एक उत्साह होता है। पैरों में एक लगन होती है। कंठ में एक छोटा सा गीत उठने लगता है। ये पक्षियों को तुम गाते देखते हो, ये प्रेम के गीत हैं। आदमी के कंठ को क्या हो गया? आदमी क्यों कोयल जैसी धुन नहीं उठा पाता? **जारी......**

# हेल्दी स्किन के लिए बनाएं आलू का स्क्रब, जानें फायदे और प्रयोग का तरीका

आलू स्कनि के लिए क्यों फायदेमंद है? आलू से स्कनि साफ होती है, दाग मटिते हैं, टैनिंग की समस्या दूर होती है, काली गर्दन है तो आपको आलू लगाना चाहिए। आलू खाने में तो स्वादष्टि होता ही है साथ ही ये हमारी त्वचा के लिए फायदेमंद होता है। आलू में वटिामनि सी, वटिामनि बी कॉम्पलेक्स, मैग्नीज, कैल्शयिम, फॉस्फोरस जैसे जरूरी पोषक तत्व होते हैं। आप आलू का स्क्रब बनाकर चेहरे पर लगाएं तो स्कनि से दाग-धब्बे हटेंगे और त्वचा साफ होगी। आलू चेहरे के लिए नैचुरल क्लींजर का काम करता है और इसे स्क्रब की तरह इस्तेमाल करने से डेड स्कनि सैल्स तो खत्म हो ही जाते हैं। इस लेख में हम आलू का स्क्रब बनाने का तरीका और उसके फायदों पर चर्चा करेंगे। इस वषिय पर ज्यादा जानकारी के लिए हमने ओम स्किन क्लीनिक, लखनऊ के वरिष्ठ कंसलटेंट डमेटोलॉजस्टि डॉ देवेश मिश्रा से बात की। आलू का स्क्रब बनाने के लिए आप एक से दो आलू को छील लें। आलू को कद्दूकस करके एक बाउल में नकिाल लें। आलू में आप हल्दी एड करें और अच्छी तरह से मलिाएं। अब उसमें गुलाब जल मलिाएं। इस पेस्ट में आप चीनी भी मलि सकते हैं।आप आलू के स्क्रब में शहद और नींबू भी एड कर सकते हैं। आलू का स्क्रब लगाने के लिए चेहरे को अच्छी तरह से क्लीन करें। साफ चेहरे पर आलू का स्क्रब लगाएं और गर्दन पर भी लगाएं। अब दोनों हाथों से सर्कुलर मोशन में हाथों को घुमाते हुए चेहरे पर मसाज करें। आपको हाथों से स्कनि पर ज्यादा जोर नहीं देना है। अब स्कनि को साफ पानी से क्लीन कर लें। आलू का स्क्रब कब तक स्टोर कर सकते हैं? आप आलू के स्क्रब को दो से तीन दनिों के लिए आराम से स्टोर कर सकते हैं। इसे फ्रजि में रख रहे हैं तो आप एक हफ्ते तक स्क्रब का



इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आलू में दूध मलिाया है तो इसे दो दनि से ज्यादा इस्तेमाल न करें। आलू के स्क्रब को आप नॉर्मल तापमान पर एक से दो दनिों के लिए स्टोर कर सकते हैं। अगर आपकी त्वचा में रखा हुआ आलू का स्क्रब लगाने से जलन, सूजन या रैशेज की समस्या हो तो आप उस स्क्रब को फेंक दें और फ्रेश स्क्रब ही चेहरे पर लगाएं। आलू स्क्रब चेहरे को साफ करता है, ये स्कनि के लिए एक तरह से क्लींजर का काम करता है। काली गर्दन या चेहरे पर दाग-धब्बे की समस्या से परेशान हैं तो आपको आलू का स्क्रब लगाना चाहिए।

# डिप्रेशन से जूझ रहे जब बाबा निराला ने बचाया बॉबी देओल का करियर

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता बॉबी देओल फिल्मों में अपनी अलग एक्टिंग और किरदारों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अब तक कई शानदार फिल्मों में अपने बेहतरीन अभिनय से दर्शकों के दिलों को जीता है। बॉबी देओल का जन्म 27 जनवरी 1969 को दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के घर में हुआ था। बॉबी देओल का पूरा नाम विजय सिंह देओल है। बॉबी देओल बॉलीवुड की उन स्टारकिड्स में से एक रहे हैं जो आते ही पर्दे पर छा गए थे।



बॉबी देओल ने अपनी शुरूआती पढ़ाई मुंबई के जमुनाबाई नर्सी स्कूल और ग्रेजुएशन मीठीबाई कॉलेज ऑफ कॉमर्स से पूरी की है। उन्होंने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। पहली बार वह पिता धर्मेंद्र की फिल्म ह्यधर्म-वीरह्न में नजर आए थे। यह फिल्म 1977 में आई थी। इस फिल्म में बॉबी देओल ने धर्मेंद्र के बचपन का किरदार निभाया था। मुख्य अभिनेता के तौर पर बॉबी देओल ने साल 1995 में अपने करियर की शुरूआत की। उन्होंने साल 1995 में निर्देशक राजकुमार संतोषी की फिल्म ह्यबरसातह्न में मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में उनके साथ राजेश खन्ना की बेटी अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना मुख्य भूमिका में थीं। फिल्म ह्यबरसातह्न बड़े पर्दे पर हिट साबित हुई। इसके बाद बॉबी देओल ने गुप्त, ह्यसोल्जरह्न, ह्यबादल, ह्यबिच्छूह्न, ह्यअजनबीह्न, ह्यहमराजह्न और ह्यअपनेह्न जैसी कई हिट फिल्में दीं, लेकिन एक समय ऐसा भी आया जब बॉबी देओल को नाकामी का सामना करना पड़ा। अपनी लगातार फ्लॉप फिल्मों की वजह से बॉबी देओल डिप्रेशन में चले गए

# न्यूजीलैंड के खिलाफ एक ही जगह 6 मैच खेलेगी टीम इंडिया



**कोरोना के कारण बदला शेड्यूल**

**नई दिल्ली.** कोविड-19 संक्रमण के खतरे को कम करने के लिये न्यूजीलैंड क्रिकेट ने गुरुवार को भारतीय महिला टीम के खिलाफ आगामी छह मैचों को क्वींसटाउन में करने की घोषणा की. भारतीय महिला टीम इस समय न्यूजीलैंड में ही है और उसे मेजबान टीम के खिलाफ पांच वनडे और एक टी20 मैच अब क्वींसटाउन के जॉन डेविस ओवल में खेलने होंगे. मुकाबले नौ फरवरी से शुरू होंगे.यह द्विपक्षीय सीरीज मार्च-अप्रैल में होने वाले विश्व कप से पहले भारत के लिये काफी महत्वपूर्ण होगी. यह द्विपक्षीय सीरीज पहले नेपियर में मैकलीन पार्क में एकमात्र टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से शुरू होनी थी, फिर दो दिन बाद पहला वनडे भी इसी स्थल पर खेला जाना था. नेल्सन में सैक्सटन ओवल में दूसरा और तीसरा (14 और 16 फरवरी को) वनडे खेला जाना था जबकि अंतिम दो वनडे क्वींसटाउन में (22 और 24 फरवरी को) खेले जाने थे. न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा घोषित कार्यक्रम में अन्य बदलावों में दक्षिण अफ्रीका की पुरुष टीम अपने पूरे दौरे के दौरान क्राइस्टचर्च में ही रहेगी और अपने दोनों टेस्ट मैच हेगले ओवल में ही खेलेगी जबकि पहले उसे दूसरा मैच वेलिंगटन में खेलना था.

## वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे व टी20 टीम घोषित, कुलदीप की वापसी, अश्विन टीम से बाहर




**नई दिल्ली:** वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली जाने वाली वनडे और टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। इस टीम में कुलदीप यादव की बाद वापसी हुई है। रवि बिश्नोई को वनडे और टी20 दोनों ही टीम में मौका दिया गया है। भारतीय चयनकर्ताओं ने बुधवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनों फार्मेट की टीम का चयन किया। चोट के बाद वापसी कर रहे रोहित शर्मा इस सीरीज में पहली बार बतौर फुल टाइम वनडे कप्तान के तौर पर जिम्मेदारी संभालेंगे। सीरीज में स्पिनर कुलदीप यादव को वापसी करने का मौका दिया गया है जबकि आर अश्विन को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है।



## 26 जनवरी पर सिर्फ एक भारतीय ने जमाया है शतक, सचिन और धौनी जैसे दिग्गज चूके

**नई दिल्ली:** पूरा भारत बुधवार 26 जनवरी को गणतंत्रता दिवस मना रहा है। यह दिन भारतवासियों के लिए बेहद ही खास और आज के इस खात दिन पर हम बनाने जा रहे हैं उन भारतीय बल्लेबाजों के बारे में जिनके बल्ले से निकली है बड़ी पारी। गणतंत्रता दिवस के दिन भारत की तरफ से अब तक सिर्फ एक दी शतक बना है। यह पारी किसी और ने नहीं बल्कि पूर्व कप्तान विराट कोहली ने ही खेली है। भारतीय टीम ने 26 जनवरी पर कई मुकाबले खेले हैं जिसमें टीम इंडिया के बल्लेबाजों ने अपना दम भी दिखाया है। 90 रन तक पहुंच ने वाले बल्लेबाज तो तीन है लेकिन शतक सिर्फ एक ही देखने को मिला है। सचिन तेंदुलकर, नवजोत सिंह सिद्धु और विराट कोहली ने 90 रन के आंकड़े को पार किया लेकिन सथक सिर्फ कोहली के खाते में है। भारतीय बल्लेबाजों में 26 जनवरी पर खेली गई सबसे बड़ी पारी कोहली की है। 2012 में उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड टेस्ट में मैच के तीसरे दिन अपना शतक बनाया था। 213 गेंद पर 11 चौके और 1 छक्के की मदद से वह 116 रन की पारी खेल कर आउट हुए थे। भारत को इस मैच में 298 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

# द्रविड़, तेंदुलकर और धौनी किसके पास है सबसे तेज

### क्रिकेटिंग दिमाग, पूर्व कोच ने बताया नाम



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कोच रहे ग्रेग चैपल ने महेंद्र सिंह धौनी को क्रिकेट में सबसे तेज दिमागों में से एक करार दिया। आस्ट्रेलिया के इस पूर्व दिग्गज खिलाड़ी ने कहा कि धौनी की फैसला लेने की खास काबिलियत ही उन्हें अपने दौर के बाकी क्रिकेटरों से अलग करती है। चैपल 2005 से 2007 तक भारतीय टीम के कोच रहे, लेकिन उनका कार्यकाल विवादों से घिरा रहा। उन्होंने भारत को टी-20 और वनडे विश्व कप दिलाने वाले धौनी की जमकर प्रशंसा की।

चैपल ने कहा, ह्यजो देश क्रिकेट में विकसित बन गए हैं उन्होंने इस खेल का नैसर्गिक वातावरण गंवा दिया जो युगों में उनके विकास ढांचे का एक बड़ा हिस्सा था। भारतीय उपमहाद्वीप में ऐसे कई शहर हैं जहां कोचिंग की सुविधाएं न के बराबर हैं और युवा गलियों या खुले मैदानों में बिना किसी औपचारिक कोचिंग के खेलते हैं। इन्हीं स्थानों पर उसके कई वर्तमान स्टार खिलाड़ियों ने क्रिकेट का ककहरा सीखा। इनमें से एक धौनी भी थे जो झारखंड के शहर रांची के रहने वाले हैं। चैपल ने आगे कहा, ह्यधौनी, जिनके साथ मैंने भारत में काम किया, ऐसे बल्लेबाज का अच्छा उदाहरण हैं.

# फर्जी आधार कार्ड के जरिए सैकड़ों सिम कार्ड के साथ 3 लोग गिरफ्तार



**भिवंडी।** ठाणे शहर के चितलसर पुलिस ने मोबाइल चोरी की एक घटना में जांच के दरमियान भिवंडी शहर के भोईवाडा पुलिस थाना अंर्तगत स्थित न्यु टावरे कंपाऊंड में अवैध रुप से चल रहे कॉल सेंटर पर कार्रवाई करते हुए 195 सीम कार्ड जब्त किया था। इसके घटना के बाद भोईवाडा पुलिस ने फर्जी व बोगस आधार कार्ड के आधार पर विभिन्न कंपनियों के सिम कार्ड की बिक्री करने वाले एक नाबालिग सहित तीन लोगों को हिरासत में लिया है। इस कार्रवाई में अभी तक विभिन्न कंपनियों के 388 सिम कार्ड सहित 2 लाख 23 हजार 162 रुपये का मुद्देमाल भी बरामद किया गया है। भोईवाडा पुलिस को गुप्त जानकारी मिली थी कि धामणकर नाका व गायत्रीनगर नागाव रोड़ पर फर्जी कागज पत्र के आधार पर मोबाइल सिम कार्ड की बिक्री की जा रही है। ठाणे के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शंकर इंदलकर ने इस जानकारी के बाद पुलिस उपायुक्त योगेश चव्हाण, सहायक पुलिस आयुक्त सुनिल वडके के मार्गदर्शन में कार्रवाई करने के लिए पुलिस उपनिरीक्षक सिरेश घुगे के नेतृत्व में पुलिस कर्मचारी रमेश आतकरी, अरविंद गोरले, किशोर सूर्यवंशी, विजय कुंभार, विजय ताठे आदि पुलिस कर्मचारियों की एक टीम तैयार की।

# मुंबई की सड़कों पर दौड़ेगी डबल डेकर इलेक्ट्रिक बसें, BEST ने 900 बसों का दिया ऑर्डर




**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार की प्रतिष्ठित डबल डेकर बेस्ट बसों को एक बार फिर से सड़कों पर लाने की तैयारी हो रही है. महाराष्ट्र के मंत्री आदित्य ठाकरे ने गुरुवार को कहा कि बृहन्मुंबई बिजली आपूर्ति और परिवहन मुंबई के लिए 900 इलेक्ट्रिक डबल डेकर बसें खरीद रहा है. आदित्य ठाकरे ने बताया कि वह और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे व्यक्तिगत रूप से मुंबई की प्रतिष्ठित डबल डेकर बसों को पुनर्जीवित करने के इच्छुक हैं.एक ट्वीट में उन्होंने कहा, बेस्ट डबल डेकर बस अब इलेक्ट्रिक होंगी. मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और मैं व्यक्तिगत रूप से मुंबई की प्रतिष्ठित डबल डेकर बसों को पुनर्जीवित करने के लिए उत्सुक हैं.उन्होंने आगे कहा कि हम अधिक से अधिक लाने वाले हैं, क्योंकि इससे हमारी क्षमता बढ़ेगी. 900 बसों की होगी खरीद

उन्होंने आगे ट्वीट कर कहा, ऐसा करते हुए हम बेस्ट 900 डबल डेकर बस को खरीद रहे हैं.









स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवालाा के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट , ऑफ आरे रोड , प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास , गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व),मुंबई - 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अधेरी (प),मुंबई -400053 प्रकाशित । संपादक : मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997
■ T.C. NO. MAHHIN10172 ■ ईमेल : newsicon2021@gmail.com ■ newsicon.net